विभाग के अंतर्गत मंडल कार्यालयों को भी आवश्यक साफ्टवेयर के साथ, इन्टरनेट कनेक्शन सहित कम्प्यूटर, प्रिंटर, यू.पी.एस. उपलब्ध कराये गये हैं। मंडल कार्यालय भी विभागीय कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा इन संसाधनों के माध्यम से कर रहे हैं ।

- [k.M dk;kZy;

कम्प्यूटरीकरण योजना के अन्तर्गत जिला स्तर के प्रत्येक खण्ड कार्यालयों को भी इन्टरनेट कनेक्शन सहित कम्प्यूटर, प्रिंटर के साथ–साथ यू.पी.एस. उपलब्ध कराये गये हैं। इसके अतिरिक्त जिला प्रयोग शालाओं हेतु भी कम्प्यूटर आवश्यक साफ्टवेयर के साथ उपलब्ध कराये गये हैं। खंड कार्यालयों में सूचना प्रौद्योगिकी के यथोचित संसाधनों की उपलब्धता के कारण विभिन्न ऑनलाईन साफ्टवेयर का उपयोग आवंटन एवं व्यय का लेखा जोखा रखना, वित्तीय एवं भौतिक प्रगति की रिपोर्टिंग इत्यादि सरल एवं सहज हो गई है। इन्टरनेट, व्ही.पी.एन. इत्यादि सुविधाओं के कारण वित्त से संबंधित समस्त कार्य ऑनलाईन साफ्टवेयर के माध्यम से क्रियान्वित किये जा रहे हैं।

- mi[k.M dk;kZy;

विभाग के विकास खण्ड स्तर पर स्थित उपखण्ड कार्यालयों में विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत कम्प्यूटर, प्रिंटर तथा यू.पी.एस. उपलब्ध कराये गये हैं। प्रदेश में लागू लोक सेवा गारंटी अधिनियम के क्रियान्वयन हेतु शासन की वेबसाइट पर आम नागरिक से प्राप्त आवेदनों की डाटा एन्ट्री करने तथा सेवा उपलब्ध करवाने की स्थिति की समीक्षा हेतु एक नग कम्प्यूटर, प्रिंटर, यू.पी.एस. इन्टरनेट कनेक्टीविटी के साथ पृथक से उपलब्ध करवाया गया है। विभाग के उपखंड स्तर के कार्यालय में पदस्थ अधिकारियों/कर्मचारियों को कम्प्यूटर प्रशिक्षण भी दिलाया गया है।

- jkT; vuqla/kku iz;ksx'kkyk

राज्य अनुसंधान प्रयोग शाला भोपाल को भी कम्प्यूटर, यू.पी.एस. व प्रिंटर उपलब्ध कराये गये हैं। भारत सरकार के राष्ट्रीय जल गुणवत्ता अनुश्रवण एवं निगरानी कार्यक्रम के ऑन लाईन साफ्टवेयर के माध्यम से पेयजल स्रोतों के जल की गुणवत्ता की मॉनिटरिंग हेतु राज्य अनुसंधान प्रयोगशाला को राज्य संदर्भ

संस्थान बनाया गया है। जल गुणवत्ता से संबंधित विभिन्न परीक्षणों के ऑकड़ों के संधारण हेतु भी कम्प्यूटर का उपयोग किया जा रहा है।

- **lpuk iks|kSfxdh lalk/kuks dk v|ruhdj.k**

  विभाग द्वारा पूर्व में विकसित विभिन्न कस्टमाईज्ड साफ्टवेयर तथा उपलब्ध हार्डवेयर, नेटवर्क इत्यादि को विभाग की वर्तमान आवश्यकताओं के अनुसार अद्यतन किया जाना एक सतत प्रक्रिया है एवं तद्नुसार अद्यतन करने की कार्यवाही समय–समय पर की जाती है। नवीन प्रौद्योगिकी के हार्डवेयर का क्रय भी आवश्यकतानुसार किया गया है।

- **foHkkxh; dEI;wVj izf'k{k.k dk;ZØe**

  विभाग द्वारा विगत वर्षो में प्रमुख अभियंता कार्यालय, परिक्षेत्र कार्यालयों एवं जिला स्तर के खंड कार्यालयों एवं उपखंड कार्यालय के अधिकारियों/कर्मचारियों को कम्प्यूटर की सामान्य जानकारी प्रशिक्षणों के माध्यम से दी गई है। भारत सरकार तथा प्रदेश के विभिन्न ऑनलाईन साफ्टवेयर में डाटा एन्ट्री करने तथा इनका उपयोग कर कार्य की समीक्षा करने हेतु भी, विभागीय अधिकारियों/कर्मचारियों को भारत सरकार से सहायक गतिविधियों के अंतर्गत प्राप्त राशि से आवश्यकतानुसार विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम समय–समय पर आयोजित किये गये हैं।

- **bZ&VsaMfjax izfØ;k**

  शासन के निर्देशानुसार विभाग में समस्त निविदाओं का आमंत्रण तथा निष्पादन ई–टेण्डरिंग के माध्यम से किया जा रहा है। इस हेतु मध्यप्रदेश शासन के सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा चयनित सेवा प्रदायकर्ता के ऑनलाईन साफ्टवेयर के माध्यम से ई–टेण्डरिंग का क्रियान्वयन किया जा रहा है। विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों तथा विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों को सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा प्रदेश में ई–टेण्डरिंग प्रक्रिया का क्रियान्वयन करने हेतु अनुबंधित फर्म के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया है।

- **foHkkxh; osclkbV**

  लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की वेबसाइट (www.mpphed.gov.in) पर निम्न महत्वपूर्ण जानकारियॉ भी उपलब्ध कराई गई हैं।

  - विभाग के उद्देश्य, दायित्व, संरचना व योजनाओं की जानकारी।
  - विभागीय कार्यक्रमों की भौतिक एवं वित्तीय जानकारी।
  - सूचना के अधिकार 2005 की जानकारी एवं विभिन्न प्रपत्र एवं मैन्युअल ।
  - विभाग द्वारा जनता को दी जाने वाली सेवाओं एवं पेयजल नमूनों के परीक्षण शुल्क की जानकारी ।
  - तकनीकी व अन्य परिपत्र/निर्देश, विभिन्न स्तर के तकनीकी एवं वित्तीय अधिकार, आई.एस. कोड की सूची, विभागीय कार्यालयों के दूरभाष, आदि का विवरण।
  - अधिकारियों/कर्मचारियों की वरिष्ठता सूची।
  - विभाग द्वारा आमंत्रित की जाने वाली निविदाओं की जानकारी ।
  - विभागीय फोरम।

- विभागीय उत्कृष्ठ कार्यो के वीडियो, आडियो, छायाचित्र, सफलता की कहानियाँ, प्रचार–प्रसार सामग्री।
- अधीनस्थ कार्यालयों से पत्राचार की व्यवस्था वेबसाईट के माध्यम से की गई है जिससे अनावश्यक स्टेशनरी एवं डाक व्यय की बचत के साथ समय की भी बचत हो।
- विभिन्न कार्यालयों द्वारा की जा रही गतिविधियों की दक्षता का विवरण।
- विभाग में लागू दर–अनुसूचियॉ (SOR)

3-11 uxjh; i;t y dk;Øe %&

3-11-1 dk;Øe vkj miyfCèk;k %&

15 जनवरी 2016 की स्थिति में प्रदेश की केवल 2 जल प्रदाय योजनाओं क्रमशः सीधी एवं झाबुआ को छोडकर शेष सभी नगरीय योजनाऐं संबंधित नगरीय निकायों द्वारा संचालित– संधारित की जा रही हैं ।

3-11-2 lkekU; uxjh; tyink; ;ktuk dk;Øe %&

नगरीय जल प्रदाय योजना कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वीकृत छिन्दवाड़ा शहर की पेंचव्हेली समूह जल प्रदाय योजना का क्रियान्वयन विभाग द्वारा किया जा रहा है। वर्तमान में उक्त योजना के स्रोत मंधान बॉध का निर्माण कार्य प्रगति पर है तथा योजनान्तर्गत स्वीकृत शेष सभी अवयव पूर्ण किये जा चुके हैं ।

3-11-3 fu{ki en e foHkkx }kjk fØ;kfUor uxjh; ;ktuk,i %&

सागर जिले के खुरई नगर एवं औद्योगिक क्षेत्र सिदगुवां की जल प्रदाय योजनायें निक्षेप मद में क्रमशः रुपये 3138.00 लाख एवं रुपये 1035.00 लाख की लागत से विभाग द्वारा क्रियान्वित की गयी हैं, जिसमें से खुरई नगर की जल प्रदाय योजना निश्चित समयावधि में पूर्ण कर दी गई एवं औद्योगिक क्षेत्र सिदगुवां की योजना का कार्य प्रगति पर है ।

3-11-4 jk"Vh; unh@>hy lj{k.k ;ktuk dk;Øe %&

इस कार्यक्रम के अन्तर्गत निक्षेप कार्य के रूप में विभाग द्वारा 2 योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है जिनकी कुल लागत राशि रूपये 7571.00 लाख है, विवरण निम्नानुसार :–

क्र.	योजना का नाम	लागत रूपये लाख में
1	शिवपुरी झील संरक्षण योजना, जिला शिवपुरी	6951.00
2	चित्रकूट नदी संरक्षण योजना, जिला सतना	620.00

4- Hkkx&pkj

4-1 lkekU; iz'kklfud fo"k;

4-1-1 U;k;ky;hu izdj.k %&

दिनांक 31.12.2017 तक विभाग से संबंधित विभिन्न न्यायालयों में दायर प्रकरणों की संख्या निम्नानुसार है:–

क्रमांक	न्यायालय	31.12.2017 की स्थिति में प्रकरणों की संख्या
1	माननीय सर्वोच्च न्यायालय	25
2	माननीय उच्च न्यायालय	1136
3	माननीय माध्यस्थ अभिकरण	07
4	माननीय औद्योगिक न्यायालय	35
5	माननीय दावा अभिकरण	–
6	माननीय जिला न्यायालय	128
7	माननीय श्रम न्यायालय	274
	dqy ;ksx	1605

4-1-2 LFkkukUrj.k izdj.k %&

01.01.2017 से 31.12.2017 तक की अवधि में विभाग द्वारा प्रशासकीय एवं स्वयं के व्यय पर किये गये अधिकारियों/कर्मचारियों के स्थानान्तरण का विवरण निम्नानुसार है :–

J.kh	dqy LFkkukUrj.k
प्रथम श्रेणी	25
द्वितीय श्रेणी	19
तृतीय श्रेणी	223

4-1-3 foHkkxh; inkUufr;k %&

माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर में दायर याचिका के तहत् पदोन्नतियों पर रोक लगाये जाने के कारण वर्ष 2017 में विभागीय पदोन्नतियॉ नहीं की गई हैं। मान. न्यायालय के अधीन प्रकरण में 23 उपयंत्री, डिग्रीधारी/डिप्लोमाधारी/मानचित्रकार संवर्ग से सहायक यंत्री (सिविल) के पद पर पदोन्नति दी गई है।

4-1-4 foHkkxh; tkp izdj.k %&

दिनांक 01.01.2017 से 31.12.2017 की अवधि में लम्बित विभागीय जाँच प्रकरणों की स्थिति निम्नानुसार है:–

प्रथम श्रेणी के 23 अधिकारियों के विरुद्ध विभागीय जांच चल रही है (लोकायुक्त की अनुशंसा पर 2 विभागीय जांच प्रकरणों में 3 अधिकारियों पर एवं विभाग स्तर पर संस्थित 9 विभागीय जांच प्रकरणों में 20 अधिकारियों पर विभागीय जांच प्रचलित है)।

द्वितीय श्रेणी के 5 अधिकारियों के विरुद्ध विभागीय जांच चल रही है (लोकायुक्त की अनुशंसा पर 1 विभागीय जॉच प्रकरण में 4 अधिकारी पर तथा विभाग स्तर पर संस्थित 5 विभागीय जांच प्रकरणों में 5 अधिकारियों पर विभागीय जांच चल रही है)।

तृतीय श्रेणी के 18 अधिकारियों के विरुद्ध विभागीय जांच चल रही है (लोकायुक्त की अनुशंसा पर 1 विभागीय जांच एवं विभाग स्तर पर संस्थित 5 विभागीय जॉच प्रकरणों में 17 अधिकारियों पर विभागीय जॉच चल रही है)।

विभाग के 4 कार्यपालन यंत्री, (2 कार्यपालन यंत्री अभियोजन में एवं 2 कार्यपालन यंत्री विभागीय प्रकरण), 3 सहायक यंत्री (अभियोजन में) एवं 10 उपयंत्री एवं तृतीय श्रेणी कर्मचारी अभियोजन प्रकरण में निलम्बित हैं।

4-1-5 fu;fDr;k¡ %&

वर्ष 2017 में 31.12.2017 तक सीधी भर्ती के पदों पर लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित 40 सहायक यंत्रियों (सिविल/मैकेनिकल) एवं 6 शीघ्र लेखकों की नियुक्ति आदेश जारी किये गये हैं।

4-2 lpuk dk vf/kdkj %&

सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 की धारा 5 (1) एवं धारा 5 (2) के अनुसार लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, मध्यप्रदेश के अन्तर्गत सूचना के अधिकार अधिनियम को सुचारू रूप से लागू करने के लिये विभिन्न स्तरों पर निम्नानुसार लोक सूचना अधिकारी/सहायक लोक सूचना अधिकारी एवं प्रथम अपीलीय अधिकारी नियुक्त हैं :–

Øekd	ykd lpuk vf/kdkjh	lgk;d ykd lpuk vf/kdkjh	izFke vihyh; vf/kdkjh
1. शासन स्तर पर	उप सचिव	अवर सचिव (तकनीकी)	सचिव/प्रमुख सचिव
2. प्रमुख अभियंता कार्यालय स्तर पर	अधीक्षण यंत्री (प्रशासन)	संयुक्त संचालक (लेखा) (संयुक्त संचालक लेखा उपलब्ध न होने पर प्रमुख अभियंता द्वारा नामांकित कार्यपालन यंत्री)	प्रमुख अभियंता
3.परिक्षेत्र स्तर पर	मुख्य अभियंता कार्यालय में पदस्थ अधीक्षण यंत्री (मुख्य अभियंता द्वारा नामांकित)	लेखा अधिकारी (लेखा अधिकारी पदस्थ न होने पर मुख्य अभियंता द्वारा नामांकित अधिकारी/कर्मचारी)	संबंधित मुख्य अभियंता
4. मंडल कार्यालय/ अधीक्षण यंत्री कार्यालय स्तर पर	अधीक्षण यंत्री द्वारा नामांकित सहायक यंत्री	मंडल अधीक्षक (मंडल अधीक्षक उपलब्ध न होने पर अधीक्षण यंत्री द्वारा नामांकित कर्मचारी)	मंडल के अधीक्षण यंत्री
5. जिला/खंड कार्यालय स्तर पर	संबंधित खंड के कार्यपालन यंत्री	संभागीय लेखापाल	संबंधित मंडल के अधीक्षण यंत्री
6. उपखंड स्तर पर	सहायक यंत्री	उपयंत्री (मुख्यालय में पदस्थ एवं कार्यपालन यंत्री द्वारा नामांकित)	कार्यपालन यंत्री

सूचना के अधिकार अधिनियम–2005 के अन्तर्गत 01 जनवरी' 2017 से 31 दिसम्बर' 2017 के मध्य कुल 1422 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 1407 आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है, शेष 15 आवेदन निराकरण हेतु प्रक्रियाधीन हैं, जिनकी समय सीमा समाप्त नहीं हुई है।

4-3 o"kZ 2017 esa fo/kku lHkk iz'uksa vkfn ls lEcfU/kr dk;Zokgh dk fooj.k%&

वर्ष 2017 में विधान सभा सत्रों की अवधि में माननीय विधायकों द्वारा पूछे गये विधान सभा प्रश्नों, ध्यानाकर्षण सूचनाओं एवं स्थगन प्रस्तावों से संबंधित विभाग द्वारा प्रस्तुत की गई जानकारी का विवरण निम्नानुसार है :–

Ø-	fo"k;	fo/kku lHkk l= Qjojh&ekpZ 2017		fo/kku lHkk l= tqykbZ 2017		fo/kku lHkk l= uoEcj&fnlEcj 2017	
		dqy izkIr	mRrj Hksts x;s	dqy izkIr	mRrj Hksts x;s	dqy izkIr	mRrj Hksts x;s
1	विधान सभा प्रश्न	250	250	140	140	152	152
2	शून्यकाल की सूचनाएँ	09	09	04	04	07	07
3	ध्यानाकर्षण सूचनाएँ	08	08	07	07	12	12
4	स्थगन प्रस्ताव	0	0	0	0	0	0

5- Hkkx&ikp

vfHkuo ;kstuk,¡

5-1 izns'k esa 24x7 fnol tyiznk; okyh xzkeh.k uy ty ;kstukvksa dh lQyrk dh dgkuh %&

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा किये गये प्रयासों के फलस्वरूप प्रदेश के ग्रामीण अंचलों के अनेकों ग्रामों में 24 घंटे पेयजल प्रदाय योजना प्रारंभ की गई है। इस व्यवस्था से ग्रामवासियों में अपार हर्ष एवं उल्लास है।

izns'k esa LFkkfir uy ty ;kstukvksa esa 24 ?kaVs xzkeh.k fuckZ/k iz;ty 0;oLFkk ds iz;kl foHkkx }kjk fd;s tk jgs gSaA

ग्राम में पेयजल योजना निर्माण के लिए ग्रामवासियों की पहल पर विभाग द्वारा इन योजनाओं में पाईप लाईन बिछाकर एवं पेयजल टंकी का निर्माण कर ग्रामों में शत–प्रतिशत नल कनेक्शन के माध्यम से पेयजल प्रदाय प्रारंभ किया गया है। पेयजल योजना के अन्तर्गत अनेकों ग्रामों में निर्मित पेयजल टंकियों पर एक–एक सेंसर लगाया गया है जो योजना के अन्तर्गत स्थापित विद्युत पंप को स्वतः चालू/बंद कर देता है एवं योजना से पेयजल व्यवस्था स्वचालित एवं निरंतरित रहती है। इस स्वचालित प्रक्रिया से पेयजल की टंकी सदैव भरी रहती है जिससे ग्रामों की पेयजल व्यवस्था 24 घंटे निरंतर चालू रहती है। ग्राम के सभी वाल्व हमेशा चालू रहते हैं जिससे ग्रामवासियों को 24 घंटे पेयजल उपलब्ध रहता है।

24 ?kaVs is;ty iznk; dks fy, fd;s x;s fo'ks"k iz;kl %& ग्रामीण पेयजल व्यवस्था के संबंध में आदर्श उदाहरण प्रस्तुत करने के उद्देश्य से विभाग के अभियंताओं ने ग्रामवासियों को इस योजना की जानकारी देकर आवश्यक तकनीकी सहयोग एवं मार्गदर्शन दिया।

;kstukvksa dh lQyrk dh fn'kk esa xzkeokfl;ksa dh Hkkxhnkjh lqfuf'pr djus ds fy, ftyk iapk;r v/;{kksa dh mifLFkfr esa xzke lHkkvksa dh cSBd vk;ksftr dj foHkkx ds vf/kdkfj;ksa }kjk ;kstuk fØ;kUo;u dh tkudkjh nh xbZA

नल कनेक्शन से वंचित परिवारों को नल कनेक्शन उपलब्ध करवाये गये हैं। ग्रामों में पेयजल अपव्यय को रोकने के लिए प्रत्येक नल कनेक्शन पर टोंटियां लगवाई गई। योजनाओं के सफल संचालन एवं संधारण के लिये पेयजल उपसमितियों का गठन करवाया गया। पेयजल योजना से प्राप्त आय एवं व्यय को संधारित करने के लिए पेयजल उपसमिति के अध्यक्ष एवं सचिव के नाम से राष्ट्रीयकृत बैंक में खाता खुलवाया गया। योजना के सुचारू व वर्षभर संचालन के लिए पेयजल उपसमिति को आवश्यक प्रशिक्षण दिया गया। पेयजल परीक्षण करने हेतु ग्राम वासियों को फील्ड टेस्टिंग किट के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया। इसके अतिरिक्त पेयजल व स्वच्छता का वातावरण निर्मित करने के उद्देश्य से ग्राम में स्कूल रैली, समूह बैठक/चौपाल चर्चा सहित जागरुकता के लिए विभिन्न गतिविधियॉं सम्पादित की गईं।

24 ?kaVs is;ty iznk; ;kstukvksa ls ykHk %& 24 घंटे पेयजल प्रदाय (24x7) से ग्रामों मे खुशहाली का वातावरण निर्मित हो गया। ग्रामवासियों को पेयजल भंडारण करने की एवं पेयजल प्राप्त करने में समय की

बाध्यता जो पूर्व में थी वह इन योजनाओं से समाप्त हो गई। सभी नल कनेक्शनों पर टोंटियॉं लग जाने से पेयजल अपव्यय को रोकने में मदद मिली एवं योजनाओं से सभी ग्रामवासियों में जनसहभागिता की भावना विकसित हुई। इसके अतिरिक्त ऐसे अन्य ग्राम जहां ग्रामवासियों/ग्राम पंचायत की इच्छा शक्ति के अभाव में पेयजल योजनाएं बंद/आंशिक चालू रहती हैं उन्हें ऐसे आदर्श ग्रामों से अपने ग्राम की पेयजल योजनाएं सूचारू रूप से संचालित करने की प्रेरणा मिलेगी। ऐसे ग्राम जहां पेयजल संकट है तथा जहां नलजल योजना का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है उन ग्रामों में ऐसी योजना एक अच्छे मार्गदर्शक के रूप में एवं जनभागीदारी की भावना को विकसित करने का कार्य करेगी।

5-2 e/;izns'k jkT; xzkeh.k is;ty dk;ZØe %&

विगत वर्षों से भारत सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा ग्रामीण पेयजल व्यवस्था हेतु सभी राज्यों को धनराशि उपलब्ध कराई जा रही है किन्तु वर्तमान परिप्रेक्ष्य में भारत सरकार द्वारा ग्रामीण पेयजल कार्यक्रमों हेतु धनराशि में कमी की गई है जिसके फलस्वरूप विभाग द्वारा किये जा रहे पेयजल कार्यों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है, इस कमी की पूर्ति हेतु राज्य शासन द्वारा ग्रामीण पेयजल व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के लिये एक नया कार्यक्रम "मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम" तैयार किया गया है जिसका शत–प्रतिशत वित्त पोषण राज्य सरकार द्वारा अपने वित्तीय संसाधनों से किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत बसाहटों में पेयजल व्यवस्था हेतु कार्यों का क्रियान्वयन विभाग द्वारा किया जा रहा है, जिसमें विभिन्न पेयजल योजनाओं के माध्यम से बसाहटों का आच्छादन किया जायेगा ताकि ग्रीष्म में पेयजल संकट निवारण हेतु कार्य किये जा सकें। इस कार्यक्रम में समूह नलजल योजनाओं का संचालन एवं संधारण भी किया जायेगा।

xzke rkjklsfou;k lkaln vkn'kZ xzke esa is;ty ;kstukvksa ds izpkj gsrq xhr ukfVdk ,oa uqDdM+ ukVd vk;ksftr dj ;kstuk dk izpkj ,oa izlkj] ftyk Hkksiky

ग्राम इटखेड़ी सड़क में मुख्यमंत्री पेयजल योजना में गीत नाटिका एवं नुक्कड़ नाटक आयोजित कर योजना का प्रचार एवं प्रसार, जिला भोपाल

5.3 मुख्यमंत्री ग्राम नलजल योजना का क्रियान्वयन :–

प्रदेश में योजनाबद्ध रूप से ग्रामीण क्षेत्र में नलजल योजनाओं के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा ''मुख्यमंत्री ग्राम नलजल योजना'' के क्रियान्वयन का निर्णय लिया गया है। इस हेतु आवश्यक वित्तीय संसाधन ''मुख्यमंत्री ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम'' के अन्तर्गत नलजल योजना घटक तथा राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम से उपलब्ध कराये जायेगें।

''मुख्यमंत्री ग्राम नलजल योजना'' में सम्मिलित किये जाने वाले ग्रामों के चयन, योजनाओं की स्वीकृति एवं क्रियान्वयन के संबंध में निम्न नीति निर्देशक सिद्धांत निर्धारित किये गए हैं :–

1. प्रथम चरण में बड़े ग्रामों का चिन्हाकंन किया जायेगा, तथा इन ग्रामों में उपलब्ध जल स्त्रोतों की क्षमता का आंकलन किया जायेगा। जहॉं पर्याप्त क्षमता का स्त्रोत विद्यमान न हो, वहॉं स्त्रोत निर्माण की संभावना का परीक्षण कर स्त्रोत निर्माण का कार्य किया जायेगा। पर्याप्त क्षमता का स्त्रोत उपलब्ध/विकसित होने के उपरांत ही योजना के अन्य अवयवों का क्रियान्वयन किया जायेगा।

2. योजना के अन्तर्गत ग्रामों के चिन्हांकन हेतु निम्न मापदण्ड होंगे :–

   क) जनसंख्या का मापदण्ड :–

   वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार 1000 से अधिक जनसंख्या के ग्राम।

   अथवा

   वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार 500 से अधिक जनसंख्या के अनुसूचित जाति/जनजाति बाहुल्य ग्राम।

ख) ऐसे ग्राम जिनकी जनसंख्या अधिक है अथवा जो जलगुणवत्ता से प्रभावित है उन्हें चिन्हांकन में प्राथमिकता दी जायेगी।

ग) ऐसे ग्राम जिनकी किसी भी बसाहट में पूर्व में नलजल योजना (स्पॉट सोर्स योजना को छोड़कर) का क्रियान्वयन हुआ हो, उन्हें चिन्हांकित नहीं किया जायेगा।

घ) ऐसे ग्राम जिनकी किसी बसाहट में स्पॉट सोर्स योजना पूर्व में क्रियान्वित की गयी हो, परंतु उसमें जल वितरण प्रणाली का निर्माण नहीं किया गया हो, को चिन्हांकित किया जा सकता है।

3. ग्राम का चिन्हांकन होने के उपरांत जल स्त्रोतों की क्षमता तथा जल गुणवत्ता का आंकलन कार्यपालन यंत्री तथा भूजलविद द्वारा संयुक्त रूप से किया जायेगा।

क) जहॉ विद्यमान स्त्रोतों की जल आवक क्षमता पर्याप्त एवं जल गुणवत्ता स्वीकार्य योग्य हो, वहॉ ग्राम को पात्रता सूची में सम्मिलित किया जायेगा।

ख) जहॉ विद्यमान स्त्रोत में जल आवक क्षमता अपर्याप्त हो अथवा जल गुणवत्ता स्वीकार्य योग्य न हो, वहॉ नये स्त्रोत निर्माण करने की संभावना ज्ञात की जायेगी। यदि ऐसे स्त्रोतों की संभावना हो, तो स्त्रोत निर्माण का कार्य प्रारंभ किया जायेगा।

स्त्रोत निर्माण हेतु तकनीकी एवं प्रशासकीय स्वीकृति विभागीय प्रक्रिया अनुसार सक्षम स्तर से प्राप्त की जायेगी, एवं इस कार्य हेतु मुख्यमंत्री ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम के अन्तर्गत नलजल योजना घटक से राशि का उपयोग किया जा सकेगा।

नवीन स्त्रोत निर्माण उपरान्त इनकी जल आवक क्षमता एवं जल गुणवत्ता का परीक्षण किया जायेगा, तथा योजना के लिये उपयुक्त पाये जाने पर ग्राम को पात्रता सूची में सम्मिलित किया जायेगा।

4. पात्रता सूची में सम्मिलित ग्रामों में नलजल योजना की डी.पी.आर. तैयार की जायेगी।

5. पात्रता सूची में सम्मिलित ग्रामों में नलजल योजना के क्रियान्वयन के संबंध में ग्राम पंचायत में संकल्प पारित किया जाना अनिवार्य होगा, जिसमें योजना के संचालन व संधारण करने, न्यूनतम 75 प्रतिशत परिवारों द्वारा घरेलू नल कनेक्शन लेने तथा निर्धारित मासिक जलकर की राशि देने की लिखित सहमति दी जानी होगी।

6. डी.पी.आर. परीक्षण उपरांत योजना क्रियान्वयन हेतु उपयुक्त पाये जाने पर ग्राम का चयन मुख्यमंत्री ग्राम नलजल योजना के अन्तर्गत किया जायेगा। इस हेतु सक्षम प्राधिकारी से तकनीकी एवं प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त की जाकर निविदा आमंत्रण की कार्यवाही की जायेगी।

7. वर्ष 2017–18 के लिये प्रत्येक विकासखंड के लिये न्यूनतम 4 योजनायें चयन किये जाने का लक्ष्य है। जिन विकासखंडों में पात्र ग्रामों की जनसंख्या कम हो, वहॉ 4 से अधिक योजनाओं का चयन किया जा सकता है।

8. मुख्यमंत्री ग्राम नलजल योजना के अन्तर्गत जनभागीदारी अंशदान की राशि नहीं ली जाएगी, परंतु लाभान्वित होने वाले उपभोक्ताओं द्वारा निर्धारित जलकर का भुगतान किया जाना अनिवार्य होगा। जिन ग्रामों से जनभागीदारी अंशदान की राशि पूर्व में विभाग को प्राप्त हुई है, उपरोक्त मापदण्ड की पूर्ति करने पर चिन्हांकन में प्राथमिकता दी जा सकेगी।

9. योजना के क्रियान्वयन के संबंध में तकनीकी मापदण्डों का निर्धारण किये जाने हेतु प्रमुख अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग आवश्यकता अनुसार निर्देश जारी कर सकेगें।

5-4 jkT; ty lgk;rk lxBu%&

पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा ''राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम'' के क्रियान्वयन हेतु दिनांक 01 अप्रैल 2009 से प्रभावी तथा माह अगस्त 2013 में संशोधित मार्गदर्शिका में दिए गये निर्देशानुसार प्रदेश में ''राज्य पेयजल मिशन'' के अंतर्गत ''जल सहायता संगठन'' कार्यरत है। इस संगठन के अंतर्गत सहायक गतिविधियों का क्रियान्वयन किया जाता है, जिसमें मुख्यतः मानव संसाधन विकास, सूचना शिक्षा एवं संचार, जल गुणवत्ता अनुश्रवण एवं निगरानी, सूचना प्रबंधन प्रणाली का विकास, अनुसंधान एवं विकास जैसी गतिविधियों का संचालन किया जाता है। जल सहायता संगठन के अंतर्गत संविदा आधार पर स्वीकृत एवं भरे हुये पदों का विवरण निम्नानुसार है :–

Ø-	in dk uke	Lohd`r in	Lohd`r ink d: fo#) Hkj: x;: in
v- jkT; Lrj			
1.	संचालक, जल सहायता संगठन	1 पद	1 पद
2.	राज्य स्तरीय सला हकार (मानव संसाधन विकास एवं सूचना, शिक्षा एवं संचार)	1 पद	–
3.	राज्य स्तरीय सलाहकार (भूजलविद्)	1 पद	1 पद
4.	राज्य स्तरीय सलाहकार (अनुश्रवण एवं मूल्याकंन)	1 पद	–
5.	राज्य स्तरीय सलाहकार (जल गुणवत्ता अनुश्रवण एवं निगरानी)	1 पद	1 पद
6.	लेखापाल	1 पद	–
7.	डाटा इंट्री आपरेटर	1 पद	1 पद
c- ftyk Lrj			
1.	जिला स्तरीय सलाहकार (मानव संसाधन विकास)	50 पद	33 पद
2.	जिला स्तरीय सलाहकार (सूचना, शिक्षा एवं संचार)	50 पद	39 पद
3.	जिला स्तरीय सलाहकार (भूजलविद्)	50 पद	19 पद
4.	जिला स्तरीय सलाहकार (अनुश्रवण एवं मूल्याकंन)	50 पद	15 पद
l- fodkl[k.M Lrj			
1.	विकासखण्ड स्तरीय संयोजक (तकनीकी)	313 पद	238 पद
	dy in	520	348 in

विभाग के भोपाल स्थित गुणवत्ता नियंत्रण इकाई खंड को अनुसंधान एवं विकास इकाई के रूप में मान्य किया गया है। राज्य तकनीकी एजेंसीज (State Technical Agencies) का चयन एवं विभागीय योजनाओं के परीक्षण, स्वीकृति एवं क्रियान्वयन हेतु समन्वय भी इस संगठन द्वारा किया जाता है। राज्य तकनीकी एजेंसीज (एस.टी.ए.) के रूप में मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एम.ए.एन.आई.टी.), भोपाल, म.प्र. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (मैप कास्ट), भोपाल एवं श्री गोविन्दराम सेक्सेरिया विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (एस.जी.एस.आई.टी.एस.), इंदौर को चयनित किया गया है।

जल सहायता संगठन के द्वारा मुख्य रूप से संपादित की जाने वाली सहायक गतिविधियों का विवरण निम्नानुसार है :–

1- ekuo lalk/ku fodkl xfrfof/k;k¡% मानव संसाधन विकास के अंतर्गत, विभाग के कार्यालयीन एवं अन्य मैदानी अमले का क्षमतावर्धन, विभिन्न विभागों के साथ समन्वय तथा पंचायती राज्य संस्थाओं के प्रतिनिधियों की क्षमतावर्धन एवं उन्मुखीकरण कर उन्हें विभागीय गतिविधियों से जोड़ा जाता है।

विभागीय प्रशिक्षण आवश्यकताओं के अनुरूप वार्षिक प्रशिक्षण कैलेण्डर तैयार कर तद्नुसार विभागीय अधिकारियों/कर्मचारियों एवं पंचायती राज संस्थाओं के सदस्यों का प्रशिक्षण राज्य स्तर, परिक्षेत्र स्तर, मंडल स्तर, जिला स्तर एवं विकासखण्ड स्तर तक किया जाता है।

ty lgk;rk laxBu ds }kjk lapkfyr lgk;d xfrfof/k;ksa ds vUrxZr ftyk Lrjh; izf'k{k.k lg dk;Z'kkyk dk vk;kstu&ftyk eUnlkSj

ty lgk;rk lxBu d }kjk lpkfyr lgk;d xfrfof/k;k d vUrxr fodkl[k.M Lrjh; izf'k{k.k lg dk;Z'kkyk dk vk;kstu&fodkl[k.M lhrkeÅ] ftyk eUnlkSj

लाभांवित समुदाय द्वारा योजनाऐं संचालित एवं संधारित कराने के उद्देश्य से प्रत्येक ग्राम हेतु ग्राम सभा स्वस्थ ग्राम तदर्थ समितियों का गठन किया गया है। मध्य प्रदेश राजपत्र (असाधारण) दिनांक 20 जनवरी 2015 में प्रकाशित होने से अब ये समितियाँ पेयजल उप समिति होगीं। इन समितियों के सदस्यों को पेयजल योजनाओं के संचालन एवं संधारण हेतु तकनीकी रूप से सक्षम बनाने के लिए कैस्केड मोड में प्रशिक्षित किया गया है। इस वर्ष 31.12.2017 तक संपादित प्रशिक्षणों का विवरण निम्नानुसार हैः–

Ø-	if'k{k.k dk uke	if'k{k.kkfFk;k dh l[;k
1.	जिला स्तरीय कंसलटेंट का प्रशिक्षण	112
2.	विकासखंड स्तरीय समन्वयकों (तकनीकी) का प्रशिक्षण	252
3.	विभागीय अभियंताओं / कर्मचारियों तथा अन्य विभागों के अधिकारियों / कर्मचारियों का प्रशिक्षण	12049
4.	पेयजल उप समितियों के सदस्यों का उन्मुखीकरण प्रशिक्षण	27552
5.	फील्ड टेस्टिंग किट के माध्यम से जल गुणवत्ता परीक्षण हेतु मैदानी अमला / पंचायती राज सदस्यों का प्रशिक्षण	9390

2- lpuk f'k{kk ,o lpkj xfrfof/k;k%&

राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम की विभिन्न गतिविधियों के प्रचार–प्रसार एवं शुद्ध पेयजल के उपयोग से लाभों की जानकारी को प्रदेश के सुदूर ग्रामीण अंचलों तक पहुँचाने के लिए सूचना, शिक्षा एवं संचार गतिविधियां संपादित की जाती हैं। इन गतिविधियों के सफल क्रियान्वयन हेतु जिला स्तर पर जिलाध्यक्ष,

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की एक समिति गठित की गई है। प्रचार–प्रसार गतिविधियों के अंतर्गत नुक्कड़ नाटक, चलचित्र प्रसारण, जागरूकता रथ का भ्रमण, रेडियो/केबल टी. व्ही. का प्रसारण, ग्रामीण सहभागिता आंकलन (पी.आर.ए.), होर्डिंग्स, नारा लेखन, ग्राम सभा, वार्ड सभा इत्यादि कार्य किये जाते हैं।

इस वर्ष प्रदेश के सभी जिलों में सूचना शिक्षा एवं संचार गतिविधियों के अंतर्गत मुख्य रूप से निम्नलिखित गतिविधियाँ संपादित की गई हैं :–

Ø-	xfrfof/k;k	l[;k
1	जिला स्तरीय कार्यशाला	94
2	विकासखंड स्तरीय कार्यशाला	194
3	मेला/प्रदर्शनी आयोजन	491
4	आई.ई.सी.वेन/रथ	385
5	होर्डिंग/बैनर/पोस्टर्स	24256
6	दीवार लेखन	16708
7	रेडियो/केबिल प्रसारण व एस.एम.एस.	4
8	ग्राम सभा/ग्रुप मीटिंग	32116
9	स्कूल रैली/वाद–विवाद एवं निबंध लेखन प्रतियोगिताएं	17854
10	चलचित्र प्रसारण	2108
11	आई.ई.सी./गृह भेंट	35586
12	नुक्कड़ नाटक/गायन एवं नाट्य कार्यक्रम	1094
13	प्रचार–प्रसार पत्र (पैम्फलेट्स) वितरण	2035000
14	पी.आर.ए.	2179
15	उद्घोषणा (पी.ए.सिस्टम द्वारा)	93781
16	ग्राम जल एवं स्वच्छता समितियों (V.W.S.C.) का गठन	5014
17	घरेलू नल कनेक्शनों की संख्या	181064

i; ty dk;Øe dh fofHkUu xfrfof/k;k d ipkj&ilkj ,o 'k) i; ty d mi;kx l ykHkk dh tkudkjh dk >kdh d ek/;e l inf'kr fd;k x;k] ftyk vkxj

i;ty dk;Øe ds izpkj&izlkj ,oa 'kq) i;ty ds mi;ksx gsrq Ldwy ds Nk=&Nk=kvksa dh Ldwy jSyh vk;ksftr dj tkx#d fd;k tk jgk g] ftyk vkxj

i;ty dk;Øe ds izpkj&izlkj ,oa 'kq) i;ty ds mi;ksx gsrq Ldwy ds Nk=&Nk=kvksa dh Ldwy jSyh vk;ksftr dj tkx#d fd;k tk jgk g] ftyk ujflagiqj

jk"Vªh; xkeh.k i;ty dk;dze ds vUrxr uyty ;ktuk ds lpkyu@l/kkj.k grq lgk;d xfrfof/k;k vkb-b-lh- ¼lpuk f'k{kk lpkj½ xfrfof/k e leg cBd dk vk;ktu fd;k tk jgk g] ftyk 'kktkij

प्रचार–प्रसार गतिविधियों को आवश्यकतानुसार गैर सरकारी संस्थाओं (एन.जी.ओ.) के माध्यम से भी कराया जाता है। प्रचार–प्रसार गतिविधियों में गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के लिए अभिरूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित कर राज्य स्तर से गैर सरकारी संस्थाओं (एन.जी.ओ.) को सूचीबद्ध (इम्पेनलमेंट) किया गया है।

3- vu|l/kku ,o fodkl xfrfof/k;k %&

ग्रामीण क्षेत्र में सुरक्षित पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु सहायक गतिविधियों के अंतर्गत अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों का प्रावधान किया गया है। म.प्र. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद् (मैपकास्ट) भोपाल एवं बिड़ला इन्स्टीट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी एण्ड साइंस (BITS), राँची के सहयोग से हाइड्रोजियोमॉर्फोलॉजीकल मैप्स (एच.जी.एम.नक्शों) को अद्यतन किया जा रहा है, जिसमें वाटर क्वालिटी लेयर को भी अंकित किया जा रहा है।

5-5- ty x|.koRrk vuJo.k ,o fuxjkuh dk;Øe %&

ty x|.koRrk vuJo.k ,o fuxjkuh dk;Øe ds vrxr fd;s tk jgs dk; %&

पेयजल की गुणवत्ता के महत्व को देखते हुए राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम के अन्तर्गत तीन प्रतिशत राशि जल गुणवत्ता अनुश्रवण व निगरानी कार्यक्रम के लिये निर्धारित की गई है। इसके अन्तर्गत विभाग द्वारा वर्ष 2017–18 में निम्नानुसार महत्वपूर्ण कार्य सम्पादित किये गये :–

- ग्रामीण क्षेत्रों में विभाग द्वारा प्रदाय किये जा रहे जल की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जल परीक्षण प्रयोगशालाऐं स्थापित हैं। प्रदेश में 51 जिला स्तरीय तथा 104 उपखण्ड स्तरीय प्रयोगशालायें एवं राज्य मुख्यालय पर राज्य अनुसंधान प्रयोगशाला स्थापित हैं, जिनमें पेयजल स्त्रोतों के नियमित जल परीक्षण किये जाते हैं।
- जिला एवं उपखंड स्तरीय प्रयोगशालाओं में प्रतिमाह 300 जल नमूनों के परीक्षण का लक्ष्य निर्धारित है।
- भारत सरकार द्वारा जल की पीने के लिये उपयुक्तता के ऑकलन हेतु 14 घटकों का परीक्षण किया जाना निर्धारित किया गया है। ये घटक हैं –1. मटमैलापन, 2. पी.एच., 3. रंग 4. हार्डनैस 5. क्लोराइड, 6. क्षारीयता, 7. टी.डी.एस, 8. फ्लोराइड, 9. आयरन, 10. नाईट्रेट, 11. सल्फेट, 12. मैंगनीज, 13. कॉलीफार्म 14. ई–कोलाई परीक्षण।
- इन प्रयोगशालाओं द्वारा वर्ष 2017–18 में दिसम्बर 2017 तक 345958 जल नमूनों का परीक्षण किया गया है।
- फील्ड टेस्ट किट के माध्यम से वर्ष 2017–18 में दिसम्बर 2017 तक लगभग 52147 पानी के नमूनों की जॉच मैदानी कार्यकर्ताओं द्वारा की गई ।
- राज्य अनुसंधान प्रयोगशाला में जिलों से प्राप्त जल नमूनों का प्रति परीक्षण किया जाता है, साथ ही यहाँ सीवेज, जल उपचार में उपयोग में लाये जाने वाले रसायनों की गुणवत्ता एवं पेयजल के उपचार संबंधी परीक्षण भी किये जाते हैं। यहां पर विभागीय रसायनज्ञों एवं प्रयोगशाला सहायकों के लिये जल परीक्षण संबंधी सैद्धांतिक एवं प्रयोगात्मक पहलुओं पर प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किये जाते हैं।

i;ty L=krks dk LoPNrk fujh{k.k ,o ty ueuk dk ,df=r dj i;kx'kkykvk e
i;ty ijh{k.k fd;k tkrk gA

- वर्ष 2017–18 में 17396 पेयजल स्त्रोतों का स्वच्छता निरीक्षण किया गया, जिससे पेयजल स्त्रोतों के उचित रखरखाव में सहायता मिली।
- राज्य अनुसंधान प्रयोगशाला भोपाल द्वारा द्वितीय चरण में एन.ए.बी.एल. प्रमाणीकरण हेतु शेष प्रस्तावित पॉच जिलों – बैतूल, धार, इन्दौर, छतरपुर एवं नरसिंहपुर की प्रयोगशालाओं के एन.ए.बी.एल. प्रमाणीकरण सम्बन्धी कार्यों की प्रगति की समीक्षा व मूल्यांकन किया गया है।
- राज्य अनुसंधान प्रयोगशाला भोपाल एवं जिला प्रयोगशाला रतलाम को एन.ए.बी.एल. प्रमाणीकरण प्राप्त हो चुका है। उपरोक्त शेष पॉच जिला प्रयोगशालाओं के एन.ए.बी.एल. प्रमाणीकरण का कार्य प्रगति पर है।

6- Hkkx & N%

6 foHkkxh; i:dk'ku l: lEcfU/kr tkudkjh %&

विभाग द्वारा पेयजल स्त्रोतों के समीप साफ–सफाई, पर्यावरण एवं स्वास्थ्य शिक्षा से सम्बन्धित सामग्री का प्रकाशन समय–समय पर किया जाता है, जिसे विभिन्न स्थलों पर प्रदर्शित किया जाता है। जिला स्तर पर भी ऐसी कार्यवाही की जाती है।

7- Hkkx & lkr

7-1 lkjka'k %&

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा मुख्य रूप से ग्रामीण क्षेत्र की पेयजल योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। ग्रामीण जलप्रदाय कार्यक्रम के क्रियान्वयन हेतु केंद्र शासन के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय द्वारा वर्ष 2013–14 से संशोधित मार्गदर्शिका लागू की गई है जिसमें प्रदत्त अधिकारों के आधार पर राज्य शासन द्वारा सभी ग्रामों/बसाहटों में प्रत्येक परिवार को उसके निवास स्थान से 500 मीटर की परिधि में अथवा पहाड़ी क्षेत्रों के ग्रामों अथवा बसाहटों में अधिकतम 30 मीटर की ऊँचाई या निचाई पर 55 लीटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन के मान से पेयजल व्यवस्था हेतु सुरक्षित पेयजल स्त्रोत उपलब्ध कराया जाना तय किया गया है।

ऐसी बसाहटें जिनमें नलजल प्रदाय योजनाओं के माध्यम से जलप्रदाय किया जाना है, न्यूनतम मात्रा 70 लीटर प्रतिव्यक्ति प्रतिदिन निर्धारित की गई है।

वर्तमान में ग्रामीण क्षेत्रों की प्रायः सभी योजनाएं भूगर्भीय जल स्त्रोतों पर आधारित हैं किंतु भूजल के अत्यधिक दोहन के कारण प्रदेश के कई क्षेत्रों में भूगर्भीय जल की उपलब्धता में कठिनाई हो रही है, विशेष रूप से ग्रीष्मकाल में अनेकों क्षेत्रों में नलकूपों में जल स्तर नीचे जाने के कारण पानी की कमी की स्थितियां निर्मित हो रही हैं। इस स्थिति से निपटने के लिए पेयजल स्त्रोतों के पुनर्भरण संबंधी कार्य भी विभाग द्वारा किये जा रहे हैं। इसी प्रकार, कठिनाई वाले क्षेत्रों में, जहां भूगर्भीय जल की उपलब्धता पर्याप्त नहीं है, उन क्षेत्रों में व्यवहार्यता के आधार पर, समूह जलप्रदाय योजनाओं का क्रियान्वयन भी विभाग द्वारा प्रारम्भ किया गया है जो सतही स्त्रोतों पर आधारित होंगी तथा जल शुद्धिकरण के उपरांत जल वितरण प्रणाली के माध्यम से ऐसी योजनाओं के अंतर्गत आने वाले विभिन्न ग्रामों में पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था की जाएगी।

विभाग द्वारा गुणवत्ता प्रभावित बसाहटों की सभी योजनाएं तैयार कर ली गई हैं एवं इन योजनाओं का क्रियान्वयन प्रारंभ कर दिया गया है तथा प्राथमिकता के आधार पर इन कार्यों को करने का प्रयास किया जा रहा है।

विभाग द्वारा ग्रामीण पेयजल आपूर्ति की गुणवत्ता पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है तथा राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल गुणवत्ता अनुश्रवण एवं निगरानी कार्यक्रम के अंतर्गत पंचायत स्तर पर स्थानीय व्यक्तियों को पेयजल गुणवत्ता संबंधी प्रशिक्षण भी दिये गये हैं कार्यक्रम के अंतर्गत फील्ड टेस्ट किट्स् प्रत्येक पंचायत को उपलब्ध कराए गये हैं एवं पंचायत स्तर पर ही पेयजल के सभी स्त्रोतों की गुणवत्ता के परीक्षण की व्यवस्था की गई है। सभी विभागीय उपखंडों में जल परीक्षण प्रयोगशालाएं स्थापित की जा चुकी हैं जिससे पेयजल गुणवत्ता परीक्षण कार्य को और प्रभावी ढंग से किया जा रहा है।

इस प्रकार लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्र में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने हेतु सतत् प्रयत्नशील है।

मध्यप्रदेश–जल

e/;izns'k ty fuxe e;kZfnr

¼e/;izns'k 'kklu dk miØe½

okf"kZd iz'kkldh; izfrosnu
2017&18

1- Hkkx & ,d

1-1 iLrkouk

मध्यप्रदेश शासन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के आदेश क्रमांक– एफ16–149/ 2012/2/34 भोपाल दिनांक 06 जून 2012 द्वारा मध्यप्रदेश जल निगम का गठन किया गया, जिसका पंजीयन कंपनी एक्ट 1956 के अंतर्गत 9 जुलाई, 2012 को ''मध्यप्रदेश जल निगम मर्यादित'' के नाम से किया गया। मध्यप्रदेश जल निगम मर्यादित की अंशपूंजी रु. 100.00 करोड़ है।

मध्यप्रदेश जल निगम मर्यादित द्वारा सतही स्त्रोत आधारित समूह जल प्रदाय योजनाओं के माध्यम से परिवार स्तर पर नल कनेक्शन द्वारा सुरक्षित एवं पर्याप्त मात्रा में पेयजल उपलब्धता संबंधी कार्यों का क्रियान्वयन किया जा रहा है।

1-2 foHkkxh; lajpuk

lapkyd e.My %&

1.	माननीय मुख्यमंत्री जी, मध्यप्रदेश शासन	–	अध्यक्ष
2.	माननीय मंत्री जी, मध्यप्रदेश शासन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग	–	उपाध्यक्ष
3.	माननीय मंत्री जी, मध्यप्रदेश शासन, नगरीय विकास एवं पर्यावरण	–	उपाध्यक्ष
4.	माननीय मंत्री जी, मध्यप्रदेश शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग	–	उपाध्यक्ष
5.	मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन	–	उपाध्यक्ष
6.	भारसाधक सचिव, वित्त विभाग	–	संचालक
7.	भारसाधक सचिव, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग	–	संचालक
8.	भारसाधक सचिव, नगरीय विकास एवं पर्यावरण विभाग	–	संचालक
9.	भारसाधक सचिव, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग	–	संचालक
10.	भारसाधक सचिव, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग	–	संचालक
11.	भारसाधक सचिव, जल संसाधन विभाग	–	संचालक
12.	भारसाधक सचिव, नर्मदा घाटी विकास विभाग	–	संचालक
13.	प्रमुख अभियन्ता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग	–	संचालक

1-3 e/; izn'k ty fuxe e;kfnr dk;kZy;

मध्यप्रदेश जल निगम मर्यादित का पंजीकृत एवं कारपोरेट कार्यालय विन्ध्याचल भवन, भोपाल में स्थापित है। विभागाध्यक्ष के रूप में प्रमुख सचिव, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (संचालक, मध्यप्रदेश जल निगम मर्यादित) प्रबंध संचालक के पद पर कार्यरत हैं।

मध्यप्रदेश जल निगम मर्यादित के अतंर्गत मैदानी कार्यालय के रूप में परियोजना क्रियान्वयन इकाईयॉ क्रमशः भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर एवं सागर में स्थापित की गई हैं। इनके अतिरिक्त शहडोल, पन्ना एवं सिवनी में नवीन परियोजना क्रियान्वयन इकाइयों की स्थापना की जा रही है।

मध्यप्रदेश जल निगम मर्यादित के कार्यालय एवं परियोजना क्रियान्वयन इकाईयों हेतु सहायक यंत्री स्तर तक के स्वीकृत पदों की जानकारी निम्नानुसार है :–

Ø-	inuke	Loh—r l[;k
1	प्रबंध संचालक	1
2	परियोजना निदेशक (प्रमुख अभियन्ता)	1
3	मुख्य महाप्रबंधक (मुख्य अभियंता)	2
4	महाप्रबंधक/उपमहाप्रबंधक (अधीक्षण यंत्री/कार्यपालन यंत्री)	17
5	मुख्य वित्तीय अधिकारी (संयुक्त संचालक, कोष एवं लेखा)	1
6	महाप्रबंधक (जन सहभागिता)	1
7	प्रबंधक (उप संचालक, कोष एवं लेखा)	12
8	प्रबंधक (सहायक यंत्री)	28
9	कम्पनी सेक्रेटरी	1
10	चार्टर्ड एकाउण्टेंट	1

1-4 fuxe d mnn' ; ,o dk;l%&

- राज्य के ग्रामीण परिवारों को सुरक्षित पेयजल पर्याप्त मात्रा में सुविधाजनक स्थान पर परिवार स्तर पर नल कनेक्शन द्वारा उचित वितरण व्यवस्था के साथ वर्ष भर उपलब्ध कराना।
- शहरी/नगरीय/ग्रामों की नलजल योजनाओं की परिकल्पना, रूपांकन, प्राक्कलन, निविदा प्रपत्र निर्माण, निविदाएं आमंत्रण, कार्यादेश, क्रियान्वयन, पर्यवेक्षण तथा अनुश्रवण।
- भू–गर्भीय तथा सतही जल संसाधनों का संयुक्त (Conjunctive) उपयोग, सुनिश्चित करना।
- राज्य की ग्रामीण नलजल योजनाओं का संचालन एवं संधारण सुनिश्चित करने हेतु ग्राम पेयजल समितियों के गठन, उनमें जल के प्रति सामाजिक तथा पर्यावरणीय चेतना विकसित करने में सहयोग प्रदाय करना।
- नगरीय क्षेत्रों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में उत्सर्जित होने वाले जल मल के निकास एवं उपचार की योजनाओं का आकल्पन एवं क्रियान्वयन करना।
- उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु बाहय सहायता एवं ऋण सहित अतिरिक्त वित्तीय संसाधनों, जिसमें ऋण भी शामिल होगा, की व्यवस्था करना।
- पेयजल व्यवस्था से संबंधित प्रशिक्षण एवं शोध की व्यवस्था करना एवं इस हेतु राज्य स्तरीय, राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण एवं शोध संस्थाओं से समन्वय करना।
- पेयजल प्रदाय योजनाओं एवं मलजल निकास योजनाओं के क्रियान्वयन से संबंधित नीतिगत निर्णय हेतु राज्य स्तर पर शीर्ष संस्था के रूप में कार्य करना।

2- Hkkx & nks

2-1 foHkkxh; ctV o"kZ 2017&18

jkf'k dh miyC/krk

- कम्पनी की अंशपूंजी राशि रू. 100.00 करोड़ है।
- भारत सरकार के पत्र क्रमांक क्यू–11050/20/2013–एग्री, दिनांक 20.09.2013 द्वारा मध्यप्रदेश जल निगम के लिये बुन्देलखण्ड विकास विशेष पैकेज फेस–2 के अंतर्गत समूह पेयजल प्रदाय योजनाओं हेतु रू. 252.47 करोड़ की राशि अनुमोदित की गई है। वर्ष 2017–18 में राशि रू. 68.92 करोड़ प्राप्त हुई है।

2-2 ;ktukvk gr _.k

1- xkeh.k v/kkl jpuk fodkl fuf/k & (RIDF-XIX) अंतर्गत 19 समूह जल प्रदाय योजनाए लागत रु. 1065.15 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की गई, जिसके अंतर्गत ऋण राशि रू. 905.36 करोड़ एवं राज्यांश रू. 159.79 करोड़ है। उक्त स्वीकृत 19 योजनाओं में से 02 योजनाएं क्रमशः कुण्डम एवं मेंहदवानी को नाबार्ड ने पत्र दिनांक 29.03.2017 द्वारा निरस्त कर दिया गया है।

2- xkeh.k v/kkl jpuk fodkl fuf/k & (RIDF-XX) अंतर्गत नाबार्ड द्वारा 06 समूह जल प्रदाय योजनाओं लागत रू. 476.92 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की गई है, जिसके अंतर्गत ऋण राशि रू. 394.14 करोड़ एवं राज्यांश राशि रू. 69.55 करोड़ है। उक्त स्वीकृत 06 योजनाओं में से 02 योजनाएं धसान एवं इंदवार को नाबार्ड ने पत्र दिनांक 12.09.2017 द्वारा निरस्त कर दिया गया है।

3- xkeh.k v/kkl jpuk fodkl fuf/k & (RIDF-XXII) अंतर्गत नाबार्ड द्वारा 04 समूह जल प्रदाय योजनाओं लागत रू. 352.15 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की गई है, जिसके अंतर्गत ऋण राशि रू. 292.64 करोड़ एवं राज्यांश राशि रू. 59.51 करोड़ है।

4- foRrh; o"k 2017&18 e xkeh.k v/kkl jpuk fodkl fuf/k & (RIDF-XXIII) अंतर्गत नाबार्ड द्वारा 06 समूह जल प्रदाय योजनाओं लागत रू. 1211.05 करोड़ के लिये ऋण की स्वीकृति हेतु प्रस्ताव नाबार्ड को प्रेषित किया गया है।

5. वर्ष 2017–18 में नाबार्ड अन्तर्गत स्वीकृत योजनाओं के क्रियान्वयन पर माह दिसम्बर, 2017 तक राशि रू. 120.00 करोड़ का व्यय हुआ।

2-3 [kfu t {k= fodkl fuf/k ¼&

वर्ष 2017–18 में खनिज क्षेत्र विकास निधि अन्तर्गत 06 समूह जलप्रदाय योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं। इन योजनाओं के क्रियान्वयन पर माह दिसम्बर 2017 तक राशि रुपये 120.00 करोड़ का व्यय हुआ है।

3- Hkkx & rhu

3-0 leg ty ink; ;ktuk,

मध्यप्रदेश जल निगम मर्यादित द्वारा सतही स्त्रोतों पर आधारित समूह जल प्रदाय योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। प्रस्तावित योजनाओं का चयन लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर किया गया है।

3.1 नाबार्ड द्वारा RIDF अंतर्गत स्वीकृत समूह जल प्रदाय योजनाओं में से 20 योजनाओं के कार्य प्रगतिरत है।

3.2 बुन्देलखण्ड विकास विशेष पैकेज फेस–2 के अंतर्गत 03 समूह जल प्रदाय योजनाओं के कार्य प्रगतिरत है।

3.3 खनिज क्षेत्र विकास निधि अंतर्गत 06 समूह जल प्रदाय योजनाओं के कार्य प्रगतिरत है।

3.4 राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम/राज्य मद अंतर्गत 03 समूह जल प्रदाय योजनाओं के कार्य प्रगतिरत है।

3.5 उपरोक्तानुसार 32 समूह जल प्रदाय योजनाएं प्रगतिरत है जिनमें से 07 योजनाओं के अधिकांश कार्य पूर्ण किये जाकर 408 ग्रामों में 11 लाख 76 हजार ग्रामीण आबादी को घरेलू नल कनेक्शन के माध्यम से पेयजल प्रदाय किया जा रहा है।

3.6 बुन्देलखण्ड विकास विशेष पैकेज के द्वितीय चरण अंतर्गत 03 समूह जल प्रदाय योजनाऐं निविदा लागत रु. 206.86 करोड़ का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इन योजनाओं के क्रियान्वयन से बुन्देलखण्ड क्षेत्र के 108

ग्रामों की 2 लाख 28 हजार से अधिक जनसंख्या घरेलू कनेक्शन के माध्यम से पेयजल प्राप्त कर सकेगी। उक्त योजनाऐं मार्च 2018 तक पूर्ण किया जाना लक्षित है।

3.7 समूह जल प्रदाय योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु बाह्रय वित्तीय सहायतित परियोजनाओं अन्तर्गत जापान इंटरनेशनल कॉर्पोरेशन एजेंसी (JICA) से वित्तीय सहायता का प्रस्ताव राशि रु. 3000.00 करोड़ पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार को प्रेषित किया गया।

3.8 समूह जल प्रदाय योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु बाह्रय वित्तीय सहायतित परियोजनाओं अन्तर्गत BRICS, New Development Bank (NDB) से 09 समूह जल प्रदाय योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु ऋण प्रस्ताव राशि रू. 4512.00 करोड़ आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा BRICS, New Development Bank (NDB) को प्रेषित किया गया। ऋण एवं योजनाओं के क्रियान्वयन संबंधी कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

4- Hkkx & pkj

4-1 izpkj&izlkj xfrfof/k;k¡%

समूह जल प्रदाय योजनाओं के अन्तर्गत आने वाली ग्रामों के जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणों में समूह जल प्रदाय योजनाओं के प्रति संवेदनशीलता एवं जागरूकता उत्पन्न करने हेतु ग्रामों में प्रचार–प्रसार एवं क्षमतावर्धन गतिविधियों का क्रियान्वयन जल सहायता संगठन के माध्यम से सुनिश्चित किया जा रहा है।

क्रियान्वित की जा रही योजनाओं के ग्रामों में ''मध्यप्रदेश ग्रामीण नल जल प्रदाय योजना के संचालन एवं संधारण नियम–2015'' के अनुसार पेयजल उपसमितियों का गठन किया जा रहा है।

ykd LokLF; ;kf=dh foHkkx] e/; in'k